हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 19 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 24 .4 डिग्री
न्यूनतम 13 .6 डिग्री


12 नगर निगम चुनाव, मतदाता सूचियां अपडेट करने का ...





12 सांस्कृतिक नृत्य व सोलो डांस में छात्रों ने दिखाया हुनर ..




## खबर संक्षेप

### डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हड़पे 66.23 लाख रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 निवासी महिंदर कुमार बंसल को डिजिटल अरेस्ट करके उससे 66 लाख 23 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। उसे जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नाबालिग लकड़ी के साथ छेड़छाड़, केस

**यमुनानगर।** शहर की जम्मू कॉलोनी में स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रही 16 वर्षीय लड़की के साथ अज्ञात युवक ने छेड़छाड़ की। लड़की के शोर मचाने पर आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

### मनी लांड्रिंग के नाम पर ठगे 1.48 लाख रुपये

**यमुनानगर।** हुड्डा सेक्टर 18 निवासी जीवानंद जोशी ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 जनवरी को व्हाट्सएप पर विदेशी नंबर से फोन आया। आरोपी ने मनी लांड्रिंग का डर दिखाकर एक लाख 48 हजार रुपये अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने बैंक में जाकर जांच की तो पता चला कि यह पैसे हाशिम नाम के व्यक्ति के अकाउंट में ट्रांसफर किए गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद हाशिम के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दो भाइयों पर लोहे के पाइप व डंडों से हमला

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव कोटडा में तीन युवकों ने बाइक सवार दो भाइयों को रास्ते में रोककर उन पर लोहे के पाइप पर डंडों से हमला कर घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। नया गांव निवासी सफदर खान ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 15 फरवरी को वह भाई अशरफ खान के साथ लौट रहा था तभी गांव बुढ़ी निवासी माजीद, कासिम व इरफान ने लोहे के पाइप-डंडों से हमला कर दिया।

### रानी की हत्या में सुसरालियों पर केस

**पानीपत।** काबड़ी रोड क्षेत्र के अर्जुन नगर निवासी सुनील ने बहन रानी की संदिग्ध मौत के मामले में ससुराल पक्ष पर रानी को साजिश के तहत फंदा पर लटकाकर मारने, बाद में साक्ष्य मिटाने के लिए उसे जलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रानी के पति अजीत, ससुर नवाब सिंह और सास सुनहरी निवासी सिठाना पर हत्या केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अबूधाबी में करनाल के राजेश खन्ना का परचम

**करनाल।** करनाल के होनहार खिलाड़ी एवं भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त राजेश खन्ना ने अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले और देश का नाम रोशन किया है। 6 से 15 फरवरी तक अबूधाबी (यूएई) में आयोजित विश्व मुक्त वरिष्ठ खेल प्रतियोगिता में 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में भाग लेते हुए राजेश खन्ना ने 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में कांस्य पदक तथा लंबी कूद प्रतियोगिता में भी कांस्य पदक हासिल किया।

### जालियों में फंसा मिला मृत नवजात बच्चा

**यमुनानगर।** दादूपुर हेड के पास नवजात बच्चा जालियों में फंसा मिला। जालियों में फंसा होने के कारण नवजात बच्चे की मौत हो चुकी थी। बच्चे को जन्म के तुरंत बाद उसे पानी में बहा दिया गया।

## यमुनानगर: चाची की हत्या करने वाले युवक की पुलिस ने कराई निशानदेही

# पैतृक संपत्ति को लेकर चाची से था नाराज, इसलिए की हत्या

**अंबाला के मंगलाई निवासी सचिन के साथ मिलकर दिया था वारदात को अंजाम**

*यमुनानगर के भंभोल गांव में फौजी की पत्नी मोनिका की गला काटकर हत्या के मामले में पुलिस लगातार नए खुलासे कर रही है। गिरफ्तार मृतका के जेठ के बेटे योगराज को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।*

### भतीजे ने फौजी चाचा को की थी पांच बार कॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

थाना छप्पर क्षेत्र के गांव भंभोल में 34 वर्षीय मोनिका की चाकू से वार कर हत्या करने वाले जिला अंबाला के गांव कलरहेड़ी निवासी योगराज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मृतका के जेठ का बेटा है। बताया जा रहा है कि आरोपी योगराज गांव की पैतृक संपत्ति को लेकर अपनी चाची से नाराज था। इसी के चलते उसने अपने साथी जिला अंबाला के गांव मंगलाई निवासी सचिन के साथ रात को घर में घुसकर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूछताछ के दौरान योगराज ने बताया कि उसकी चाची मोनिका के पिता के की मौत 2021 में हो गई थी। जिसके बाद से उसकी चाची मोनिका अपने मायके गांव भंभोल में आकर रहने लगी। जिस कारण उसका चाचा जसबीर सिंह घर जमाई के तौर पर गांव भंभोल में ही रहने लगा। ससुराल की सारी संपत्ति जसबीर की हो गई थी। योगराज ने कुछ अपने चाचा को फोन करके कहा था कि उनके पैतृक गांव की संपत्ति में से उसे कुछ नहीं मिलेगा। क्योंकि ससुराल की संपत्ति उसकी हो गई है। योगराज ने बताया कि उसे लगा था कि उसका चाचा पैतृक गांव की संपत्ति में से अपना हिस्सा जरूर लेगा। क्योंकि उसकी चाची मोनिका उसे पैतृक संपत्ति लेने के लिए उकसा रही थी। जिस कारण उसने अपनी चाची की हत्या करने का प्लान बनाया।



**यमुनानगर।** गांव भंभोल में हुई मोनिका की हत्या के आरोपी को कोर्ट में पेश करने ले जाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### चाचा और भतीजे के बीच हुई व्हाट्सएप कॉल

जांच के दौरान पुलिस को आरोपी योगराज और उसके फौजी चाचा जसबीर सिंह के बीच हत्या की रात हुई व्हाट्सएप कॉल की जानकारी भी मिली है, जिसने मामले को नया मोड़ दे दिया है। बताया गया है कि योगराज ने रात 12 बजकर 21 मिनट से 12 बजकर 58 मिनट के बीच पांच बार कॉल की, जो रिसीव नहीं हुई। इसके बाद रात 1 बजकर 53 मिनट पर बैक कॉल आई और करीब दो मिनट बातचीत हुई। फिर दो बजे दोबारा कॉल की गई, जिसे नहीं उठाया गया। इस दो मिनट की बातचीत को लेकर पुलिस जसबीर सिंह से भी लगातार पूछताछ कर रही है।

### की जा रही पूछताछ

आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मेडिकल कराने के बाद उससे निशानदेही कराई गई। पूछताछ में हत्या की वजह पारिवारिक कारण सामने आए हैं। -वेदपाल, थाना छप्पर प्रभारी

### रात को घर में घुसकर की थी हत्या

थाना छप्पर प्रभारी वेदपाल ने बताया कि गांव भंभोल निवासी कांता देवी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि योगराज के साथ उसका दोस्त अंबाला के गांव मंगलाई निवासी सचिन एक दो बार घर पर आया। जिसके बाद उससे मोनिका की जान पहचान हो गई थी। बाद में सचिन कई बार घर पर अकेला भी आया। शनिवार की रात को खाना खाने के बाद मोनिका अपने बेटे के साथ कमरे में चली गई थी। रात लगभग 11 बजे उसके कमरे से चिल्लाने की आवाज सुनकर उठी और उसके कमरे का दरवाजा खोला तो योगराज हाथ में चाकू लिए मोनिका पर वार कर रहा था। उसने गर्दन, छाती, पेट, हाथों पर ताबड़तोड़ वार किए। आरोप है कि इस वारदात में सचिन भी उसके साथ था।

### पुलिस ने चाकू बरामद कर लिया था



बताया जा रहा है कि मुख्य गेट बंद होने के कारण सचिन तुरंत भाग नहीं सका। शोर सुनकर पड़ोसी विशाल मौके पर पहुंचा, जिसके बाद गेट खोला गया। पड़ोसी विशाल की मदद से सचिन घायल अवस्था में मोनिका को कार में अस्पताल लेकर गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके से चाकू बरामद कर लिया था और मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच में कई परते खुल रही है।

## 70 माइल ढाबे पर मारे थे ताबड़तोड़ चाकू

# नितेश हत्याकांड के 3 दोषियों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



27 मार्च 2022 को नितेश की चाकू से गोंद कर हत्या कर दी गई थी

असिस्टेंट सेशन जज संदीप सिंह की अदालत ने नितेश हत्याकांड के आरोपी सोनू उर्फ शामी पुत्र कटार सिंह, प्रवीण पुत्र साधुराम व जोगिंदर उर्फ जग्गा पुत्र रोहतास निवासी गांव भोडवाल माजरी जिला पानीपत को हत्या का दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई। स्मरणीय है कि पानीपत जिले के समालखा में चर्चित 70 मील ढाबे पर 27 मार्च सन 2022 में नितेश पुत्र सत्यवान निवासी गांव डिकाडला जिला पानीपत की चाकू से गोंद कर हत्या कर दी गई थी। वहीं, सत्यवान की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने आरोपियों पर नितेश की हत्या के आरोप में केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से हत्या में प्रयोग किया गया चाकू, मोटरसाइकिल व खून से सने कपड़े बरामद किए। वहीं, अदालत ने हत्यारोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जज ने नितेश हत्याकांड में गवाहों की गवाही, एफएसएल की रिपोर्ट, पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों के मद्देनजर दोषी सोनू उर्फ शामी, प्रवीण व जोगिंदर उर्फ जग्गा को आजीवन कठोर कारावास की सजा दी है।

# राजू के हत्यारे को आजीवन कारावास

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज अंबरदीप सिंह की अदालत ने राजू पुत्र शंभू निवासी महावीर कॉलोनी पानीपत की हत्या के आरोपी मनोज उर्फ राजन पुत्र धर्मपाल निवासी महावीर कॉलोनी पानीपत को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। स्मरणीय है कि थाना जीआरपी पुलिस को दी शिकायत में मृतक राजू के भाई विशाल ने बताया कि 4 अगस्त सन 2024 को उसका भाई राजू रेलवे पार्क में घूम रहा था। इस दौरान राजू पर मनोज की किसी बात को लेकर राजू से बहस हुई और फिर मनोज, राजू के साथ मारपीट करने लगा। मनोज ने राजू की गर्दन पर तेज धार हथियार से वार किया और फरार हो गया। इधर, विशाल की शिकायत पर थाना जीआरपी ने मनोज उर्फ राजन पर हत्या के आरोप में केस दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। इधर, जज सिंह ने नितेश हत्याकांड में गवाहों की गवाही, एफएसएल की रिपोर्ट, जीआरपी द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों के मद्देनजर मनोज उर्फ राजन को आजीवन कठोर कारावास की सजा दी है।

### चेक से छेड़छाड़ कर लाखों रुपये की धोखाधड़ी

**कुरुक्षेत्र।** बैंक में जमा चेक पर नाम बदलकर ढाई लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। चेक महिला के नाम से दिया गया था लेकिन उस नाम के पीछे वी और जोड़कर चेक किसी दूसरे व्यक्ति के खाते में चला गया। आरोपी चेक के पीछे आधार कार्ड और मोबाइल नंबर गलत लिख चेक को क्लियर करवाया। कुरुक्षेत्र के रहने वाले देसराज और बृजमोहन ने पुलिस को बताया कि वे दोनों पार्टनर है और उनकी नई अनाज मंडी में आढ़त की दुकान है। उन्होंने 2 लाख 50 हजार रुपये का भारतीय स्टेट बैंक शाखा कुरुक्षेत्र का चेक जारी किया था।

### नशा तस्करों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी, 18 क्विंटल से अधिक मादक पदार्थ किया नष्ट



**अंबाला।** अंबाला रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन की अध्यक्षता में भारी मात्रा में जब्त किए गए अवैध मादक पदार्थों का विधिपूर्वक निष्पादन किया गया। भड़ोग स्थित फैक्ट्री के परिसर में आयोजित इस कार्रवाई के दौरान अंबाला रेंज के तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे। कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए अंबाला, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर जिलों के कुल 309 मामलों से संबंधित 18 क्विंटल 18 किलो 406 ग्राम और 109 मिलीग्राम नशीले पदार्थों को सुरक्षित रूप से नष्ट किया गया। यह नशा विभिन्न पुलिस कार्रवाई के दौरान नशा तस्करों से बरामद किया गया था। इस अवसर पर आईजीपी पंकज नैन ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि नशा तस्करों के विरुद्ध पुलिस की कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील की कि वे हर प्रकार के नशे से दूर रहें। अपनी ऊर्जा को पढ़ाई तथा खेलकूद जैसी रचनात्मक गतिविधियों में लगाकर अपना उज्ज्वल भविष्य संवारें। पुलिस महानिरीक्षक ने आम जनता से भी आह्वान किया कि वे नशा मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का सहयोग करें।

### अंबालाः ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अंबाला।** ट्रेन की चपेट में आने से यूपी के मुज्जफरनगर के अखिल की मौत हो गई। हादसा अंबाला-दिल्ली रेल खंड पर मोहड़ी स्टेशन के पास हुआ। सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई है। जांच अधिकारी करण सिंह ने बताया कि दोपहर कैंट स्टेशन मास्टर से जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। मौके पर छानबीन की गई तो मोबाइल फोन से परिजनों से संपर्क किया गया। परिजनों ने बताया कि नौकरी को लेकर अखिल परेशान चल रहा था।

# मास बेचने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी से मिले पीड़ित

**पानीपत।** पानीपत में होटल पर मोटे मास बेचने को लेकर हुई कहासुनी में आरोपियों द्वारा पीड़ित की टांग तोड़ने के मामने में सबूत मिलने के बाद भी कार्रवई नहीं किए जाने से परेशान पीड़ित परिवार ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह से मिला तथा आरोपियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की। वहीं एसपी सिंह ने मामले की जांच संबंधित डीएसपी सुरेश सैनी को सौंप दी है। एसपी को दी गई शिकायत में शिकायकर्ता गुलजार पुत्र यासीन हाल निवासी नई सब्जी मंडी दुकान नंबर 115 पानीपत ने बताया कि गत 11 फरवरी की रात को नसीब होटल मरे हुए जानवरों के मोटे मांस बेचने में हुई कहासुनी को लेकर पप्पू, महरोज व इजहार ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसकी दाहिनी टांग तोड़ दी। जिसको सरकारी अस्पताल में ऑपरेशन कर पैर में लोहे की राड डाली गई तथा वह अभी सिविल अस्पताल में ही उपचाराधीन है। सीसीटीवी की फुटेज नहीं ली गई है।





**पानीपत।** पुलिस कप्तान ऑफिस में मांस विक्रेताओं के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंचे पीडित। फोटो : हरिभूमि

# चोरों ने घर में घुसकर चुराई नकदी व सोने के आभूषण

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर में चोरों ने एक घर में घुसकर 43 हजार रुपये, सोने की दो अंगूठियां व सोने की चेन चोरी कर ली। आरोपी घर की खिड़की का शीशा तोड़कर अंदर घुसे थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव महमदपुर निवासी सतीश कुमार ने साढौरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 फरवरी की रात को वह परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाकर सो गया था। इस दौरान चोरों ने रात को उनके घर में लगी खिड़की का शीशा तोड़कर घर में घुसकर अलमारी में रखें 43 हजार रुपये, दो सोने की अंगूठियां व एक सोने की चेन चोरी कर ली। जिनकी कीमत करीब 93 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# टेंडर में निवेश के नाम पर दो दोस्तों से हड़पे 16 .5 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर में टेंडर में निवेश के नाम पर साढ़े 16 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप बिहार के जिला वैशाली के गांव हाजीपुर निवासी कुमार अभिषेक व उसकी मां लीना देवी पर लगा है। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने शिक्षण संस्थानों में कंप्यूटर मेंटेनेंस, इंटरनेट और रोबोटिक्स से संबंधित टेंडर लेने के नाम पर पुराना हमीदा निवासी देवेंद्र अग्रवाल व शर्मा गार्डन निवासी प्रतीक वर्मा से रुपये ठगे हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देवेंद्र अग्रवाल व प्रतीक वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका दोस्त भूपेश एमएम यूनिवर्सिटी मुलाना में बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। जहां भूपेश ने उसकी मुलाकात कुमार अभिषेक से करवाई। उसने मुलाना यूनिवर्सिटी के इन्क्यूबेशन सेंटर से भी जुड़ कर कार्य किए हैं। टेंडर लेने के लिए पैसों की जरूरत होती है और रुपये ले लिए।

# बाल विवाह मुक्ति रथ को खंड शिक्षा अधिकारी ने झंडी दिखा किया रवाना

**कुरुक्षेत्र।** एमडीडी ऑफ इंडिया, द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह मुक्ति रथ आज लाडवा ब्लॉक मे पंहुचा। यहां पुलिस स्टेशन से लेकर अन्य कई विभागों में अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। लाडवा थाना में पहुंचे पर रथ को डीएसपी रणधीर सिंह व एसएचओ गुरनाम सिंह ने इस यात्रा का स्वागत किया। लाडवा डीएसपी रणधीर सिंह ने कहा कि ये यात्रा सर्व समाज के लिए उपयोगी है। जो कि बाल विवाह को खत्म करने में अहम उपयोगी साबित होगी। उसके बाद यात्रा खंड शिक्षा अधिकारी कार्लायल में पहुंची। यहां खंड शिक्षा अधिकारी नीलम सैनी ने भी यात्रा का स्वागत किया।



## कुवि में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला बोले

# कला केवल सौंदर्य प्रदर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि भावनात्मक अभिव्यक्ति का सशक्त साधन

*कला समाज को जागरूक -संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा रूसा प्रोजेक्ट सोसाइटी के तहत सेंटर फॉर कंटीन्यूइंग एजुकेशन के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला समकालीन कला शिक्षण अभ्यास उत्साहपूर्वक जारी है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला के दूसरे और तीसरे दिन विविध सत्रों, प्रदर्शनी और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों में नई रचनात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। बुधवार को कला प्रदर्शनी का उद्घाटन युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने किया। आज कला केवल सौंदर्य प्रदर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि आत्म-अन्वेषण, सामाजिक चेतना और भावनात्मक अभिव्यक्ति का सशक्त साधन है। विभागाध्यक्ष एवं कार्यशाला समन्वयक डॉ. गुरचरण सिंह ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को समकालीन कला जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है, जिसमें पारंपरिक कला रूपों के साथ डिजिटल नवाचार और व्यावसायिक दृष्टिकोण को भी जोड़ा जा रहा है।



**कुरुक्षेत्र।** युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### विशिष्ट पेन चित्रों का प्रदर्शन किया

प्रसिद्ध कलाकार विनय शर्मा ने अपशिष्ट कागज और प्राचीन पांडुलिपियों पर आधारित अपने विशिष्ट पेन चित्रों का प्रदर्शन किया। कलाकार अजय ने कला को निर्माता, माध्यम और दर्शक के बीच संवाद की प्रक्रिया बताया, जबकि प्रो. राम विरंजन ने जलरंग तकनीकों का सजीव प्रदर्शन कर पारंपरिक रूपांकनों को समकालीन अभिव्यक्ति में ढालने की विधि समझाई। प्रिंटमेकर कविता नायर ने लिथोग्राफी, एचिंग, पेस्टल और मिश्रित माध्यमों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया।

## अवैध वसूली को लेकर पार्सल पैकिंग का ठेका रद्द

# देवी एंटरप्राइजेज-रायबरेली पर 20 हजार जुर्माना भी लगाया

**अंबाला।** रेलवे ने यात्रियों से अधिक वसूली करने के मामले में अंबाला कैंट स्टेशन पर संचालित पार्सल पैकिंग अनुबंध को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह कार्रवाई की गई है। इसमें मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक को यात्रियों से पैकिंग के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत मिली थी। इन शिकायतों के आधार पर ठेकेदार मैसर्स देवी एंटरप्राइजेज-रायबरेली पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया था। लंबे समय तक इस जुर्माने की राशि का भुगतान न करने और नियमों के उल्लंघन को देखते हुए रेलवे ने यह कदम उठाया है। रेलवे ने ई-ऑक्शन के मानक अनुबंध शर्तों की धारा 18.1 का हवाला देते हुए ठेका रद्द किया है। इसके तहत ठेकेदार की सिक्योरिटी राशि को जब्त किया गया है जोकि लगभग 30 हजार रुपये के करीब है। ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्टेशन परिसर से अपना सारा सामान और ढांचा तुरंत हटा ले और काम को तत्काल प्रभाव से बंद कर दे। नियमों के मुताबिक ठेकेदार के पास अभी एक विकल्प शेष है। यदि वह इस कार्रवाई के विरुद्ध अपना पक्ष रखना चाहता है, तो वह 30 दिनों के भीतर मंडल रेल प्रबंधक के समक्ष अपील दायर कर सकता है। रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक एनके झा ने वसूली और जुर्माना न जमा करवाने पर पार्सल पैकिंग का ठेका रद्द करने की बात कही है।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 22 से 1 मार्च तक

**तरावड़ी।** शहर में 22 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक भव्य श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह पावन कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होगी। कथावाचक पूज्या कथा व्यास यशस्वी वक्ता यशो. आरती किशोरी (श्रीधाम वृंदावन) द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन रोड धर्मशाला, नगर पालिका के नजदीक तरावड़ी में किया जाएगा। आयोजक संजय बंसल ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और सद्भावना बढ़ती है। संजय बंसल ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस भव्य एवं पावन कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### टीम ने मल्टीग्रेड टीचिंग कक्षाओं का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला तिगरी खालसा खंड थानेसर जिला कुरुक्षेत्र में मल्टीग्रेड टीचिंग कक्षाओं का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के राज्य नॉर्थ कोरोलिना से मुख्य रूप से जोनाथन ट्रेन ने भाग लिया। यह टीम हरियाणा के सरकारी प्राथमिक स्कूलों में संचालित मल्टीग्रेड टीचिंग कक्षाओं का निरीक्षण कर रही है। यह टीम निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत एल एल लफ द्वारा संचालित कार्यक्रम मल्टीग्रेड टीचिंग की समीक्षा एवं निरीक्षण करने पहुंचे थी।

### एडीआर सेंटर में कल लगेगा रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 20 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे एडीआर सैंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति रक्तदान करना चाहता है तो वह एडीआर सैंटर में आकर अपना नाम दर्ज करवा सकता है तथा कल होने वाले रक्तदान शिविर में रक्तदान कर सकता है।

### शांति एन्क्लेव में प्रभातफेरी आयोजित

**थानेसर।** श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा शांति एन्क्लेव में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से शांति एन्क्लेव निवासियों द्वारा आयोजित इस प्रभात फेरी में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। होली पर्व तथा श्री कृष्ण कृपा गौशाला प्रांगण में आयोजित भागवत कथा के उपलक्ष्य में आयोजित प्रभात फेरी में भजन रसिकों द्वारा गाए गए भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। जीओ गीता महिला संकीर्तन मंडल द्वारा गाए गए भजन बरसाने की गलियां विचो राधा आई है.....ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया । और राधा नाम की गूंज से पूरा वातावरण भक्मिय हो उठा। बाल संस्कार कक्षा के बालकों ने गीता श्लोक उच्चारण कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर स्थानेश्वर महादेव मंदिर के महंत लक्ष्मी नारायण पुरी,सुनील वत्स, महावीर मढ़ाण, वीरेंद्र मेहंदीरत्ता, सौरभ मेहंदीरत्ता, गावित अनेजा, सुनील आदि मौजूद रहे।

## पहले भी सामने आ चुका फर्जी गेटपास और पोर्टल हेराफेरी का मामला

# गिरफ्तार अधिकारियों को रिमांड पर लिया, छह मामलों में जांच तेज

*धान खरीद घोटाले को लेकर पुलिस कार्रवाई तेज*

- ‘मेरी फसल मेरा ब्यौरा’ पोर्टल पर नियमों के विपरीत पंजीकरण

**हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ करनाल**

धान खरीद में सामने आए कथित घोटाले को लेकर पुलिस कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों को अदालत में पेश कर अलग-अलग अवधि के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि छह दर्ज मामलों में जांच और सख्ती से आगे बढ़ाई जा रही है।

जुंडला मंडी से जुड़े मामले में करनाल की मंडी सचिव आशा रानी और जुंडला मंडी सचिव दीपक कुमार को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। असंध मंडी से संबंधित प्रकरण में मंडी सचिव कृष्ण धनखड़ को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। वहीं तरावड़ी मंडी से जुड़े मामले में पूर्व डीएफएससी अनिल कुमार को प्रोडक्शन वारंट पर पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

मामले की शुरुआत फर्जी गेटपास और धान की कागजी खरीद की शिकायतों से हुई थी। जांच में सामने आया कि ‘मेरी फसल मेरा ब्यौरा’ पोर्टल पर नियमों के विपरीत पंजीकरण किए गए। जिन किसानों के पास जमीन नहीं थी या जिनकी भूमि कम थी, उनके नाम पर अधिक रकबा दर्शाकर धान की खरीद दिखाई गई। कई जगह पांच एकड़ की जगह 20 से 25 एकड़ तक भूमि कागजों में दर्ज करने के आरोप सामने आए।

प्रारंभिक जांच में आढ़तियों, राइस मिल संचालकों और कुछ अधिकारियों की कथित मिलीभगत की बात भी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने अलग-अलग मंडियों से जुड़े छह मामले दर्ज किए और विशेष जांच टीमें गठित कीं।

**जांच का दायरा बढ़ा**

पुलिस अब आरोपियों से गहन पूछताछ कर दस्तावेजों, बैंक खातों और पोर्टल डाटा का मिलान कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ में और भी अहम नाम सामने आ सकते हैं। अब तक करीब 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि कुछ अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और पूरे प्रकरण में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## धान घोटाले में कार्रवाई से किसान खुश

- भ्रष्ट अधिकारियों की गिरफ्तारी पर जताया संतोष बाकी दोषियों पर भी सख्त कदम उठाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ करनाल**



एक-दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए।

धान खरीद में सामने आए फर्जी गेट पास और घोटाले के मामले में प्रशासन द्वारा की गई सख्त कार्रवाई से खुश होकर किसानों ने लड्डू बांटकर खुशी जताई और जिला प्रशासन का धन्यवाद किया। किसानों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर कहा कि लंबे समय बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई देखने को मिली है। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के प्रदेश प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी, संजू नंबरदार किरमच सहित कई किसान नेता उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करने पहुंचे। किसानों का कहना था कि फर्जी गेट पास प्रकरण में कई बड़े अधिकारियों की गिरफ्तारी से उन्हें संतोष मिला है, लेकिन अभी भी कई दोषी कार्रवाई से बाहर हैं।

प्रदेश प्रवक्ता बहादुर मैहला ने कहा कि धान घोटाले में पकड़े गए अधिकारियों की संपत्ति की भी गहन जांच होनी चाहिए, ताकि वर्षों से किसानों के साथ हो रही लूट का पूरा सच सामने आ सके। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी अधिकारी, खरीद एजेंसियों के निरीक्षक, राइस मिलर और आढ़ती लंबे समय से किसानों का शोषण करते आ रहे हैं। अनाज मंडियों में किसानों को उनकी फसल का पूरा मूल्य नहीं मिल पाता। इस बार भी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से 500 से 600 रुपये प्रति क्विंटल तक कम कीमत मिली, जिससे बड़े स्तर पर धान घोटाले को अंजाम दिया गया।

किसानों ने कहा कि अब तक जो कानूनी कार्रवाई हुई है, उससे उन्हें संतुष्टि है, लेकिन घोटाले में शामिल

### धान घोटाले की जांच पर किसान यूनियन ने उठाए तीखे सवाल



**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने करनाल में सामने आए करोड़ों रुपये के धान घोटाले की जांच प्रक्रिया पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित तरीके से किया गया बड़ा आर्थिक अपराध प्रतीत होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी बड़े आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे जांच की निष्पक्षता पर प्रश्न खड़े होते हैं। यदि वास्तविक दोषियों को कानून के दायरे में नहीं लाया गया तो किसानों में रोष और बढ़ेगा। रतनमान ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो किसान संगठन आंदोलन को और तेज करेगा। 24 फरवरी को कुरुक्षेत्र में आयोजित संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय बैठक में करनाल धान घोटाले का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया जाएगा। बैठक में देशभर के किसान नेताओं के साथ आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## सौंदर्यीकरण में राजकीय माध्यमिक विद्यालय बूटानखेड़ी को प्रथम स्थान




**इंद्री।** खंड स्तरीय मुख्यमंत्री स्कूल सुंदरीकरण पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रथम स्थान पर आने वाला स्कूल।

**हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ इंद्री**

- तीनों प्रथम स्कूलों को पचास-पचास हजार की मिलेगी राशि

खंड स्तरीय मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण पुरस्कार योजना के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में इंद्री खंड के राजकीय माध्यमिक विद्यालय बूटानखेड़ी, प्राथमिक पाठशाला इस्लामनगर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरादगढ ने अपनी अपनी श्रेणी मे खंड स्तर पर आयोजित स्कूल सौंदर्यीकरण में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।

खंड शिक्षा अधिकारी डा. गुरनाम सिंह ने बताया कि उनकी टीम द्वारा खंड इंद्री के स्कूलों का स्कूल सौंदर्यीकरण के लिए निरीक्षण किया गया जिसमे राजकीय माध्यमिक विद्यालय बूटानखेड़ी, प्राथमिक पाठशाला इस्लामनगर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरादगढ ने मानकों पर खरा उतरते हुए प्रथम स्थान पाया है । खंड स्तर पर प्रथम आने वाले तीनों स्कूलों को पचास पचास हजार रुपए की राशि देकर प्रोत्साहित किया जाएगा और इन स्कूलों का नाम जिला व प्रदेश स्तर पर भेजा जाएगा । यह योजना स्कूलों को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण और खेल पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। उन्होंने विजेता स्कूलों के अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी लगन, मेहनत समर्पण, दूरदर्शी सोच से ही यह परिणाम निकल पाया है। पर्यावरण प्रेमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र कुमार ने इस उपलब्धि पर बात रखते हुए कहा कि इस्लामनगर स्कूल की कायाकल्प करने में फूलों की मुहिम से जुड़े धर्मवीर लठवाल ने दिन रात मेहनत करके सौंदर्यीकरण में चार चांद लगाए हैं। देर शाम तक स्कूल में रख कर वह फूल पौधों की देखभाल करते हैं।

## उपचुनाव के लिए तरावड़ी वार्ड 8 की फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने का कार्य शुरू

*अपना नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन के लिए 28 फरवरी तक अपना दावा प्रस्तुत कर सकेंगे*

**हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ तरावड़ी**



**तरावड़ी ।** जानकारी देते हुये नगर पालिका सचिव अजीत कुमार व पार्षदगण

नगर पालिका तरावड़ी के वार्ड नंबर 8 में होने वाले उपचुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर पालिका प्रशासन की ओर से संबंधित कर्मचारियों को इस कार्य में लगाया गया है ताकि समयबद्ध तरीके से मतदाता सूची तैयार की जा सके। जानकारी देते हुए नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने बताया कि 17 फरवरी से 27 फरवरी तक विधानसभा मतदाता सूची के आधार पर वार्ड नंबर 8 की अलग मतदाता सूची तैयार की जाएगी। तैयार की गई प्रारंभिक सूची पर यदि किसी भी नागरिक को नाम जोडऩे, हटाने या संशोधन संबंधी कोई आपत्ति या दावा है तो वह 28 फरवरी तक अपना दावा प्रस्तुत कर सकता है।

उन्होंने आगे बताया कि प्राप्त आपत्तियों और दावों का निपटारा एस.डी.एम. नीलोखेड़ी द्वारा 7 मार्च को किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को निर्णय से संतुष्टि नहीं होती है तो वह 12 मार्च तक जिला उपायुक्त के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकता है। इसके बाद 27 मार्च को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसके आधार पर वार्ड 8 का उपचुनाव संपन्न कराया जाएगा।

सचिव अजीत कुमार ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सूची की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने नाम, पते एवं अन्य विवरण की सही तरीके से जांच कर लें और किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर निर्धारित समयावधि में अपना दावा अवश्य प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है।

**कर्मचारियों की ड्यूटी**

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नगर पालिका ने आज से ही बूथ स्तर पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी है तथा पूरी प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न की जाएगी। गौरतलब है कि लगभग छह माह पूर्व वार्ड 8 के पार्षद सुमेर चंद के निधन के बाद यह सीट रिक्त हुई थी, जिसके चलते अब उपचुनाव कराया जा रहा है।

## खादी परिधान प्रदर्शन में परंपरा का दिखेगा आधुनिक रूप

- राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में ग्रामीण कारीगरों को मिलेगा मंच

**हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ करनाल**

सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी मैदान नंबर-1 में आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के अंतर्गत 21 फरवरी को खादी परिधान प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस आयोजन का उद्देश्य खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बहुमुखी प्रतिभा तथा बदलते समय में उनकी बढ़ती उपयोगिता को दर्शाना है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की इकाइयों तथा विभिन्न खादी संस्थानों द्वारा तैयार विशेष खादी वस्त्रों और आकर्षक संग्रह का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रस्तुत परिधान पारंपरिक हस्तकला और आधुनिक परिधान शैली का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करेंगे।

इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण कारीगरों, बुनकरों और छोटे उद्यमियों को अपनी कला और नवाचार प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। खादी केवल स्वतंत्रता संग्राम की पहचान नहीं है, बल्कि आज के समय में यह स्वदेशी, टिकाऊ और आकर्षक वस्त्र के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुकी है।

## कला संगम में विद्यार्थियों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

*वाद्य प्रस्तुति और मिमिक्री से गूंजा महाविद्यालय परिसर*

- पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

**हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ करनाल**



पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय ‘कला संगम’ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नवीन बत्रा ने किया।

पहले दिन वाद्य प्रस्तुति और मिमिक्री प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विभिन्न संगीत वाद्यों पर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं मिमिक्री प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी आवाज और अभिनय कौशल से सभी को खूब हंसाया।

प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को सामने लाते हैं और उनमें आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अध्यात्म बच्चों में संस्कारों को कर सकता है मजबूत : कालिंदी

*सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा के द्वितीय दिवस में साध्वी सुश्री कालिंदी भारती ने किए प्रवचन*

**हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ कुरुक्षेत्र**



**कुरुक्षेत्र।** दीप प्रज्जवलित करते यजमान।

दिव्य ज्योंति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित हुड्डा ग्राउंड नजदीक सैक्टर 10 मार्किट सैक्टर 7 के सामने कुरुक्षेत्र में आयोजित सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा के द्वितीय दिवस में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या विश्व विख्यात भागवत भास्कर साध्वी सुश्री कालिंदी भारती ने में बताया कि कुरुक्षेत्र की भूमि में भक्ति और आध्यात्मिकता का गहरा संगम मिलता है। यूं तो प्रभु ने अनेकानेक भक्त है। जिसमें राजस्थान की भूमि पर पली-बढ़ी प्रभु की एक अनन्य भक्त कमाबाई। जिन्होंने अध्यात्म की ऐसी लौ लेकर राजस्थान से चली और दक्षिण में स्थित जगन्नाथ मंदिर में आज भी प्रभु को सर्वप्रथम भक्तिमति कमाबाई के नाम के खिचड़ों का भोग आज तक लगाया जा रहा है। उसको धार्मिक भावों के संस्कार उनके पिता से प्राप्त हुए थे। साध्वी ने बताया कि माता-पिता बच्चों के पहले मार्गदर्शक होते हैं। जिस तरह से एक माली पौधें को सींचता है, माता-पिता उसी तरह अपने बच्चों को जीवन के मूल्य और आदर्शों से पोषित करते हैं। परंतु विडम्बना की बात है कि आज के समय में जब माता-पिता अपनी व्यस्त दिनचर्या और भौतिक आकांक्षाओं के कारण बच्चों को संस्कार नहीं दे पर रहे उसके दुष्परिणाम बच्चों के व्यक्तित्व पर पड़ रहा हैं। जैसे बड़ों के सम्मान में कमी, अंहकार, अपनी बात मनवाने के लिए जिद और अनियंत्रित क्रोध का सहारा लेना। आज माता-पिता का बच्चों उचित समय न देने के कारण स्क्रीन एडिक्शन के शिकार हो रहे हैं। अपना समय मोबाइल, इंटरनेट, और सोशल-मीड़िया पर बिताते हैं। संस्कारों की कमी के कारण वे भटके हुए युवा बन सकते हैं जो समाज की संपत्ति के बजाय समस्या बन रहे हैं। साध्वी ने बताया कि आज सभी को अध्यात्म की आवश्यकता है।

**कार्रवाई** दो कॉलोनियां और एक अवैध निर्माण ध्वस्त, प्रशासन ने दी सख्त चेतावनी

# खाटू श्याम मंदिर के पास नवनिर्मित अवैध दुकानें गिराईं

- पूरी कार्रवाई पुलिस प्रशासन की निगरानी में की गई

**हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ तरावड़ी**



**तरावड़ी।** जिला योजनाकार विभाग की टीम अवैध निर्माण को बुलडोजर द्वारा ध्वस्त करते हुए।

शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन के पास व सौंकड़ा रोड पर बुलडोजर चलाया। यह कार्रवाई खाटू श्याम मंदिर के पास नवनिर्माण की गई दुकानों पर की गई, जहां पीला पंजा चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। एफसीआई गोदाम के नजदीक बनी कई दुकानों को गिराया गया। इसके अलावा सौंकड़ा रोड़ पर पीला पंजा चलाकर चारदिवारी निर्माण को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शिकायत मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची और पहले से किए गए अवैध निर्माण को तोडऩा शुरू किया। दुकानों के शटर, दीवारें और आगे बढ़ाया गया हिस्सा गिराया गया। पूरी कार्रवाई पुलिस प्रशासन की निगरानी में की गई ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले। डीटीपी गुंजन का कहना है कि जिले में कोई भी अवैध रूप से कालोनी काटी गई या निर्माण किया गया, उसके लिए कोई भी बख्शा नहीं जाएगा।

**सभी अवैध निर्माणों पर नजर**

जिला योजनाकार विभाग की टीम पूरे जिले में सभी अवैध निर्माणों पर नजर रखे हुए है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि बिना जांच किए कोई भी मकान, दुकान या प्लॉट न खरीदें। खरीदने से पहले उसकी पूरी जानकारी जिला प्रशासन, नगर पालिका और तहसील कार्यालय से अवश्य लें, उसके बाद ही अपनी मेहनत की कमाई खर्च करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध कब्जों और निर्माण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में अन्य इलाकों, जिनमें नीलोखेड़ी क्षेत्र भी शामिल है, में भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रह सकती है।

## करनाली गेट व नडाना रोड अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई, 7 दुकानदारों के चालान



**तरावड़ी।** नगरपालिका टीम अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के चालान करते हुए।

**तरावड़ी।** शहर के व्यस्त करनाली गेट बाजार व नडाना रोड पर फैल रहे अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान सडक़ किनारे दुकानों के बाहर रखा गया सामान हटवाया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले 7 दुकानदारों के मौके पर चालान काटे गए। पिछले कुछ समय से स्थानीय लोगों द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई दुकानदार अपनी दुकानों का सामान सडक़ तक फैला रहे हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है।

खासकर सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति बन जाती थी और राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कार्रवाई के दौरान सफाई इंचार्ज जोहन लाल, परविंद्र सिंह व राजवंती सहित नगर पालिका की टीम मौजूद रही। टीम ने पहले दुकानदारों को हिदायत दी और स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ जुर्माना लगाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने कहा कि शहर में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कार खड़ी करने को लेकर विवाद, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के रमेश नगर में बुधवार शाम गाड़ी खड़ी करने की बात को लेकर दो पड़ोसियों रामकुमार व सुनील के बीच खूनी संघर्ष की स्थिति पैदा हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष द्वारा लाठी-डंडों से हमला करने की कोशिश के बाद बचाव में लाइसेंसी रिवॉल्वर से हवाई फायर करना पड़ा। हालांकि हरिभूमि इसकी पुष्टि नहीं करता। इधर, घटना की मिलने पर मौके पर थाना तहसील कैंप पुलिस पहुंची। जिसके बाद स्थिति को काबू किया गया, पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई कर रही है।

### नमो ड्रोन दीदी योजना लाभकारीः सुधीर

**पानीपत।** सहायक कृषि अभियंता सुधीर ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके माध्यम से किसानों के खेतों में उर्वरक एवं कीटनाशकों का आधुनिक तकनीक से छिड़काव किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को सस्ती, तेज और प्रभावी सेवा उपलब्ध कराना तथा फसल उत्पादन और गुणवत्ता में वृद्धि करना है।

### निराश्रित बच्चों को मिल रही है मददः दहिया

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले दो वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तिय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 2100 प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है।

### जल संरक्षण में जुटा है निरंकारी मिशन

**पानीपत।** जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र हो तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं। मानव सेवा और लोक कल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ सतगुरु माता सुदीक्षा के निर्देशानुसार समस्त भारत में किया जा रहा है। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह विशाल अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस व्यापक विस्तार के कारण यह प्रयास ऐतिहासिक स्वरूप धारण करेगा, जो जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावशाली रूप से पहुंचाएगा। इस पहल का मूल उद्देश्य समाज को यह अनुभूति कराना है कि जल केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है। जिसकी रक्षा करना प्रत्येक मानव का नैतिक कर्तव्य है। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी की प्रेरणास्पद शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का सूत्रपात किया था।

### हैकाथॉन विजेता सदस्यों को पुरस्कृत किया

**पानीपत।** तकनीकी, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉनों में सफलता प्राप्त की। वहीं, विजेता टीम के सदस्यों को कॉलेज में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज में बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, ईसीई विभाग के अध्यक्ष डॉ.मनोज अरोड़ा, डॉ.पूनम जागलान, आइओटी लैब से डॉ.अखिलेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

---

## नगर परिषद ने चुप्पी साधी, पुलिस हटवा रही अतिक्रमण

# समालखा की सड़कों पर फिर अतिक्रमण, लोगों को परेशानी

रेलवे रोड और चुलकाना रोड पर अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है

1 चुलकाना धाम पर फागुन मेला नजदीक आते ही श्रद्धालुओं का आना-जाना शुरू हो गया है

2 अतिक्रमण पर कड़ाई बरतने और स्थायी व्यवस्था की जाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



प्रशासनिक स्तर पर कोई स्थायी समाधान नहीं हो रहा

समालखा। रेलवे रोड से अतिक्रमण हटवाते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

समालखा की सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। रेलवे रोड, चुलकाना रोड और माता पूली रोड पर रेहड़ी पटरी वालों ने फिर से कब्जा जमा लिया है। दुकानदार भी सड़कों पर सामान रखकर मनमानी कर रहे हैं। जिससे पैदल और वाहन यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। नगर परिषद इस पर पूरी तरह मौन साधे हुए है। चुलकाना धाम पर फागुन मेला नजदीक आते ही श्रद्धालुओं का आना-जाना शुरू हो गया है। वहीं, रेलवे रोड और चुलकाना रोड पर अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई स्थायी समाधान नहीं हो रहा था। शिकायत के बाद बुधवार को एसएचओ गुलशन कुमार, चौकी इंचार्ज अनिल कुमार और ट्रैफिक इंचार्ज सतीश सैनी ने संयुक्त अभियान चलाया। उन्होंने रेलवे रोड, चुलकाना रोड और माता पूली रोड से अतिक्रमण हटवाया। हालांकि पुलिसकर्मियों के जाते ही दुकानदारों और रेहड़ी वालों ने फिर से सड़कों पर सामान सजाना शुरू कर दिया। क्षेत्र वासियों ने नगर परिषद और प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण पर कड़ाई बरती जाए तथा स्थायी व्यवस्था की जाए। फागुन मेले के दौरान बढ़ते श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए सड़कों को साफ सुथरा रखने की जरूरत है। अन्यथा जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाएगा।

---

## मादक पदार्थ के दो तस्करों के कठोर कारावास

# सिकंदर को 20 साल कैद, 2.50 लाख जुर्माना ताराचंद को पांच साल कैद व 50 हजार का जुर्माना

■ 19 जून सन 2019 को गांजा पत्ती की खेप के साथ काबू किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

असिस्टेंट सेशन जज-कम- फास्ट ट्रैक कोर्ट एनडीपीएस योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी सिकंदर उर्फ कुलदीप पुत्र मक्खन सिंह निवासी गांव सिम्बलगढ जिला पानीपत को 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं सिकंदर पर ढाई लाख रुपये का जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दो साल का अतिरिक्त करावास भोगना होगा। वहीं, जज चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी ताराचंद उर्फ काला पुत्र दीपचंद निवासी गांव बेगा जिला सोनीपत को दोषी करार देते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा दी। वहीं जज चौधरी की अदालत ने दोषी ताराचांद पर पचास हजार रूपये का जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

### 39.600 किलोग्राम गांजा पत्ती बरामद की थी

स्मरणीय है कि सिकंदर व ताराचंद को एनडीपीएस स्टाफ पानीपत पुलिस की टीम ने 19 जून को सन 2019 को गांजा पत्ती की खेप के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों से 39.600 किलोग्राम गांजा पत्ती बरामद की थी। वहीं पुलिस की एनडीपीएस सैल के एएसआई धर्मवीर की शिकायत पर आरोपी सिकंदर व ताराचांद पर थाना समालखा में 20- 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। वहीं सरकारी वकील कुलदीप ढुल ने आरोपी सिकंदर व ताराचंद के खिलाफ कोर्ट में साक्ष्यों के साथ सशक्त पैरवी की। ढुल की कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ पेश किए साक्ष्यों के आधार पर जज चौधरी की अदालत ने सिकंदर व ताराचंद को समाज के लिए खतरा माना और दोनों को कठोर सजा दी।

---

## खेती की आधुनिक तकनीकों को अपनाएं किसान : मलिक

**पानीपत।** कृषि विभाग ने बुधवार को गांव कारद और इसराना में किसान गोष्ठियों का आयोजन किया। इन गोष्ठियों में किसानों को सरकार की नीतियों, सब्सिडी और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं, कृषि ब्लॉक अधिकारी शमशेर मलिक ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर 50 से 70 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने किसानों को 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' पोर्टल पर पंजीकरण कराने की सलाह दी ताकि वे अपनी फसलों का उचित मूल्य प्राप्त कर सकें। साथ ही उन्होंने फसल विविधीकरण और डीएसआर योजना के महत्व पर भी जानकारी दी। वहीं, सहायक विकास अधिकारी ओमपाल मलिक ने पराली प्रबंधन के लाभों पर जोर देते हुए कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और पोषक तत्व नष्ट नहीं होते। उन्होंने किसानों को यूरिया खाद के अंधाधुंध प्रयोग से बचने की सलाह दी और संतुलित खाद उपयोग पर बल दिया।



पानीपत। गांव इसराना में किसानों के जागरूक करते हुए कृषि अधिकारी शमशेर मलिक। फोटो : हरिभूमि

---

## जरूरतमंदों की मदद को उठे विधायक मनमोहन के हाथ

■ राक्सेड़ा गांव में दस निर्धन परिवारों को पक्के मकान देने को आर्थिक सहायता दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

समालखा हलके के गांव गांव राक्सेड़ा में बीते दिनों सरपंच रामधन सैनी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में हलका विधायक मनमोहन भड़ाना ने गांव के 10 परिवारों के अपने निजी खर्चे से पक्के मकान बनवाने का वायदा किया था। इसी कड़ी में हलका विधायक मनमोहन भड़ाना के दिशा निर्देशों पर आज विधायक प्रतिनिधि शारिक खान ने सरपंच रामधन सैनी की मौजूदगी में विधायक कार्यालय पर राक्सेड़ा गांव के 10 जरूरतमंद परिवारों को एक-एक लाख रूपए की सहायता राशि के तहत पहली किस्त दी।नगद सहायता राशि लेने वालों में राक्सेड़ा गांव से किताबों पत्नी हरि प्रकाश, बिमलेश पत्नी सुभाष, शारवांन पत्नी वीर सिंह, भीम सिंह पुत्र चंदगीराम, बीरा पुत्र राजेंद्र, संतोष पत्नी बुद्धसिंह, आशा पत्नी राम शरण, गीता पत्नी राम मेहर, नानक पुत्र सुरेंन, सुखविंदर पुत्र पूरण आदि शामिल रहें। वहीं सहायता राशि मिलने पर जरूरतमंद परिवारों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने विधायक मनमोहन भड़ाना का आभार जताया। इस मौके पर सरपंच रक्सेड़ा रामधन, मोहित , कुलदीप शर्मा, विधायक कार्यालय से शारिक, विजय शेखर, विवेक, निपेन्द्र, दीपक व शाहिद आदि उपस्थित रहे।



समालखा। विधायक मनमोहन भड़ाना के प्रतिनिधि, जरूरतमंदों को आर्थिक मदद देते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

# बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक हो हर वर्ग

■ बाल विवाह मुक्ति रथ ने 11 गांवों में भ्रमण कर जनता को कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। बाल विवाह के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाते हुए नारी शक्ति। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सरंक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पावटी, टिटाना, ढोढ़पुर, किवाना, नारायणा, नामुंडा, कारकोली, हथवाला, बिलासपुर, शहरमालपुर, बिहोली में पंचायत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों के साथ बाल विवाह मुक्ति रथ ने बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया। इधर, गांव ढोढ़पुर के राजकीय स्कूल प्रिंसिपल रमेश ने कहा कि लड़कियों को शैक्षिक रुप से मजबूत होना जरूरी है, शिक्षित होने पर वह आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो पाएगी। इसलिए, हमें बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से मिटाना होगा तभी लड़कियां आत्मनिर्भर हो पाएंगी। गांव किवाना के सरपंच चैनपाल ने कहा कि बाल विवाह एक अपराध है तथा इसके चलते लड़कियां शारीरिक रूप से भी स्वस्थ नहीं रह पाती ऐसे में बाल विवाह के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाकर हम अपने जिले को और ज्यादा खुशहाल बना सकते हैं। शहरमालपुर से सरपंच सरोज ने कहा कि बाल विवाह के विरुद्ध समाज एकजुट हो।

### ये मौजूद रहे

नामुंडा से सरपंच नफीस ने कहा कि बाल विवाह, बेटियों से उनके अधिकार छीनता है। इस अवसर पर एमडीडीआफ इंडिया से सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता दीपिका, संगीता, रिकेश, प्रिया ओमपति, संगीता, सरिता, धर्मपाल जयश्री, शीतल, सानत्रा, बबीता, निशा, सतीश कुमार, डॉ अशोक कुमार, अशोक, अंजू, रविंद्र, सुनील, लखमीचंद्र, माया, सुनीता, अन्नू, शहमालपुर में सरपंच सरोज, नवीन, नरेश,, रीना, ममता, नीलम आदि ने आश्वासन दिया कि वे बाल विवाह के विरूद्ध समाज के हर वर्ग के जागरूक करेगी।

---

## विधायक ने घटनास्थल पर जाकर हटवाया दबंगों का कब्जा

■ सुभाष की मौत के केस की जांच फिर से कराने को एसपी से कहा, पीड़ित परिवार को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

समालखा से विधायक मनमोहन भडाना, गांव छाजपुर पहुंचे और मृतक सुभाष की दुकान पर किए गए दबंगों के कब्जे को पल भर में हटवा दिया। वहीं, विधायक भड़ाना ने कब्जा करने वालों को सख्त चेतावनी दी कि यदि भविष्य में दुकान चलाने में सुभाष के परिजनों को परेशान किया तो उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई करवाई जाएगी। इधर, विधायक भड़ाना ने सुभाष की सड़क हादसे में हुई कथित मौत के मामले की फिर से जांच कराने के लिए पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह से बात की। इधर, एसपी सिंह ने विधायक भड़ाना को आश्वासन दिया कि सुभाष की मौत के केस की निष्पक्ष जांच की जाएगी और घटना का सच सामने लाया जाएगा। इधर, विधायक भड़ाना ने सुभाष के परिजनों को जीवन यापन के लिए दो लाख रुपए की आर्थिक मदद दी। स्मरणीय है कि आठ फरवरी को सुभाष की सनौली रोड पर गांव निंबरी के पास संदिग्ध सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिजनों ने सुभाष की मौत के मामले में भूमि विवाद में हत्या का शक जताया था। इस दौरान बापौली मार्केट कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र रावल, सरपंच गुलशन, शकुंतला देवी आदि उपस्थित रहे।

---

## जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने नशे के खिलाफ जागरूक किया

■ नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने बुधवार को समालखा में वार्ड नंबर 8, 9 व 15 में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। पुलिस टीम ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। लोगों को बताया गया कि नशे की लत कैसे धीरे-धीरे व्यक्ति को अपने जाल में फंसा लेती है और समय रहते इससे बचाव कितना आवश्यक है। अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें और उनके साथ खुलकर संवाद करें। अभियान के जिला में नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है।



समालखा। जनता के नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

---

## पुलिस टीम पर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

■ कुख्यात अपराधी है दिलशाद, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार करने पानीपत के गांव बापौली पहुंची थाना घरौंडा पुलिस टीम पर हमला और गिरफ्तारी में बाधा डालने के दो आरोपियों को दिलशाद व सोनू को थाना बापौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने दिलशाद को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड लिया है। पुलिस दिलशाद से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही फरार आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी। आरोपी दिलशाद का पहले भी आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न आपराधिक वारदातों के 10 से अधिक मामलें दर्ज है। स्मरणीय है कि थाना घरौंडा पुलिस दिलशाद को पकडे गई थी। वहीं गिरफ्तारी के दौरान आरोपी दिलशाद का भाई इरसाद, सोनू, साहिल व परिवार की महिलाएं व अन्य पुरूषों ने मिलकर पुलिस हिरासत से दिलशाद को छुड़ाने के लिए पुलिस टीम पर हमला कर दिया। आरोपियों ने धक्का मुक्की कर पुलिसकर्मियों की वर्दी फाड़ दी और जांन से मारने की धमकी दी। इधर, थाना घरौंडा के जांचाधिकारी देवेंद्र की शिकायत पर थाना बापौली में आरोपियों पर केस दर्ज है।

---



पानीपत। आईबी कॉलेज के विद्यार्थी डेल इंटरनेशनल में शैक्षिणक भ्रमण करे हुए।

## आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने शैक्षिणक भ्रमण किया

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट और करियर गाइडेंस इकाई एवं मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सभी कोर्सेस के विद्यार्थियों को डेल इंटरनेशनल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का औद्योगिक दौरा करवाया गया। इस दौरे को प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक और प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस इकाई की ऑफिसर डॉ.अर्पणा गर्ग ने शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि हमारा उद्देश्य रहता है कि हम विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ रोजगार उन्मुख बनाएं। इसी क्रम में महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को भिन्न प्रकार के अवसर प्रदान करता रहा है। डेल इंटरनेशनल गुरुग्राम युवाओं के लिए प्रचुर अवसर प्रदान करता है। इसी क्रम में महाविद्यालय ने विद्यार्थियों को यह एक्सपोजर विजिट करवाया। इस दौरे के सफल आयोजन में टीचिंग स्टाफ से रुचिका और मेधा फाऊंडेशन से शाहिद, छवि, जयंत द्विवेदी, प्रेरणा कुमारी व प्रिंस ने अहम भूमिका निभाई।

---

## गोल्ड मेडल विजेता बॉस्केट बॉल खिलाड़ी तरुण टूर्ण को सम्मानित किया

# अनुशासित मेहनत करने पर मिलती है सफलताः दहिया

*हरियाणा की धरती सदैव से खिलाड़ियों की भूमि रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

बॉस्केटबॉल स्कूल नेशनल (17 आयु वर्ग) में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन करने वाले तरुण टूर्ण ने बुधवार को जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया से शिष्टाचार पूर्वक मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा अपनी उपलब्धियों की जानकारी दी। वहीं, डॉ. दहिया ने तरुण को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा की धरती सदैव से खिलाड़ियों की भूमि रही है। यहां के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। उपायुक्त डॉ. दहिया ने कहा कि सफलता संयोग से नहीं मिलती, बल्कि इसके पीछे वर्षों की कठोर साधना, अनुशासन, त्याग और निरंतर प्रयास छिपे होते हैं। दुनिया केवल परिणाम देखती है, लेकिन उस परिणाम के पीछे दिन-रात की मेहनत और संघर्ष होता है। वहीं, तरुण ने बताया कि वे प्रति दिन आठ घंटे साई कोच पंकज पांडेय की देखरेख में अभ्यास करते है। स्मरणीय है कि तरुण के पिता सुखबीर जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में चालक के पद सेवारत है। वहीं, एसडीएम मनदीप कुमार, डीपीआरओ सुनील बसताड़ा, एपीआरओ दीपक पाराशर ने भी तरुण को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।



पानीपत। बॉस्केटबॉल खिलाड़ी तरुण टूर्ण को आशीर्वाद देते हुए डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया।

### रग्बी में हरियाणा का जोरदार प्रदर्शन

**पानीपत।** खेलो इंडिया अश्मिता रग्बी लीग के अंतिम दिन हरियाणा की सीनियर महिलाओं की टीम ने जम्मू कश्मीर को 4-0 से तथा उत्तर प्रदेश को 24-0 से हराकर पांचवीं रैंक हासिल किया। अंडर 15 की लड़कियों की टीम ने सेमीफाइनल में उत्तराखंड को 24-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई और फाइनल में 5-0 से चंडीगढ़ से हारकर रजत पदक एवं 72000 रुपए कैश प्राइज हासिल किया। चीफ द मिशन नरेंद्र मोर ने बताया कि अंडर 18 में हरियाणा ने सेमीफाइनल में उत्तराखंड को 24-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई और फाइनल में हरियाणा ने दिल्ली से 17-0 से मैच गंवा कर रजत पदक और 72000 रुपये का कैश अवार्ड जीता।

## खबर संक्षेप

### जाली नोट मामले में रेलवे कर्मी को रेगुलर जमानत

**अंबाला।** जाली नोट बदलने के आरोपी रेलवे कर्मचारी देवेंद्र यादव को अदालत से रेगुलर जमानत मिल गई है। एडीजे की अदालत ने आरोपी को 50,000 रुपये के निजी मुचलके पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। मामला 3 दिसंबर 2025 का है जब अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के कमर्शियल विभाग में कार्यरत पिंटू कुमार की शिकायत पर जीआरपी थाना में केस दर्ज किया गया था। पिंटू के अनुसार टिकट खिड़की नंबर 3 पर तैनात देवेंद्र सिंह यात्रियों से असली 500 का नोट लेकर उसे जाली नोट दे रहा था। जब यात्रियों ने विरोध किया तो उनसे दूसरा नोट मांगा गया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि 53 वर्षीय रेलवे कर्मचारी कई वर्षों से रेलवे में सेवाएं दे रहा है। उनका पिछला रिकॉर्ड पूरी तरह साफ है और उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है।

### रेलवे अंडरब्रिज दो दिन रिपेयर के लिए बंद

**अंबाला।** अंबाला शहर की होलसेल कपड़ा मार्केट के नजदीक बने रेलवे अंडरब्रिज की सड़क की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। इसी वजह से अंडरब्रिज को दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है। अब यहां से अगले दो दिन तक कोई वाहन नहीं गुजर पाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते दोनों दिन आवागमन के लिए रास्ता बंद रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे इन दो दिनों में इस रास्ते का प्रयोग करने से बचें। इस दौरान सड़क पर पैचवर्क के साथ अन्य जो आवश्यक काम हैं उसे पूरा किया जाएगा।

### आज आयोजित किया जाएगा समाधान शिविर

**बराड़ा।** जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपमंडल स्तर पर 19 फरवरी दिन वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त विराट की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन प्रातः10 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा। इस शिविर में कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या रखकर अपनी समस्या का हल करवा सकता है।

### जिला स्तरीय कंवर्जेंस कमेटी की बैठक हुई

**अंबाला।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) के दृष्टिगत बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय कंवर्जेंस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए पीएमएजीवाई के तहत गांवो में किए जाने वाले विकास कार्यो बारे विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला परिषद गगनदीप ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि विलेज डिवेलपमेंट प्लान के तहत नियमों की पालना करते चयनित किए गए गांवों में लाखों की राशि से विकास कार्यों को करवाया जाना प्रस्तावित है।

### योजना के तहत 45 ट्रैक्टर देने का लक्ष्य

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा केंद्र सरकार की वर्ष 2025-26 में एस बी-89 योजना के अंतर्गत अनुसूचित श्रेणी के व्यक्तिगत किसानों को ट्रैक्टर पर अनुदान देने के लिए विभागीय पोर्टल पर 27 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसमें 15 जनवरी 2026 तक अनुसूचित श्रेणी के कुल 553 व्यक्तिगत किसानों ने आवेदन किया था। मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशा अनुसार इस योजना के अंतर्गत 45 ट्रैक्टर देने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

### आज सुनी जाएंगी बिजली समस्याएं

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के कार्यकारी अभियंता की ओर से विद्युत सदन के द्वितीय तल पर 19 फरवरी को कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से सम्बन्धित शिकायत यहां रख सकता है।

---

## जनसंख्या को लेकर फंस सकता हैं पेंच

# निगम चुनाव: मतदाता सूचियां अपडेट करने का काम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नगर निगम के प्रस्तावित चुनाव को लेकर मतदाता सूचियों को अपडेट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निवर्तमान सदन के पांच वर्ष कार्यकाल 13 जनवरी 2026 को पूरा होने के बाद राज्य सरकार की ओर से चुनाव को लेकर वार्डबंदी का काम पहले ही पूरा कर लिया गया है। निगम की ओर से मतदाता सूचियों को अपडेट करने का कार्य 17 से आरंभ कर दिया गया है। 27 मार्च को फाइनल मतदाता सूची निगम की बेवसाइट पर अपलोड करने की बात कही जा रही है। उधर नगर निगम के मामलों के जानकार एडवोकेअ हेमंत कुमार ने हरियाणा राज्य चुनाव आयोग व प्रदेश आयुक्त एवं सचिव व महानिदेशक के साथ अन्य अधिकारियों को कानूनी नोटिस भेजकर अधिकारिक जनसंख्या कानून का मुद्दा उठाया है।

### पर्याप्त नहीं है जनसंख्या

एडवोकेट हेमंत कुमार की ओर से भेजे गए कानूनी नोटिस में अंबाला शहर नगर निगम की जनसंख्या पर्याप्त न होने का हवाला दिया है। उन्होंने बताया कि 4 सितंबर 2025 को प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रकाशित एक नोटिफिकेशन मार्फत अंबाला नगर निगम के आगामी आम चुनाव के लिए 2 वार्ड निर्धारित किए गए थे।



**अंबाला।** नगर निगम कार्यालय का बाहरी दृश्य।

### न्यूनतम तीन लाख जनसंख्या आवश्यक

गजट नोटिफिकेशन में अंबाला नगर निगम की कुल जनसंख्या 2 लाख 71 हजार 68 बताई गई थी। इस संबंध में हेमंत ने कानूनी प्वाइंट उठाते हुए लिखा है कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 के मौजूदा प्रावधानों धारा 3 की उपधारा 2 के अनुसार प्रदेश में नगर निगम स्थापित करने हेतू उस संबंधित निगम क्षेत्र में न्यूनतम तीन लाख की जनसंख्या होना आवश्यक है। अब चूंकि 4 सितंबर 2025 को प्रदेश सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रकाशित नोटिफिकेशन में अंबाला नगर निगम की जनसंख्या 2 लाख 71 हजार होने से निगम के आगामी आम चुनावों पर गंभीर कानूनी सवाल उठता है।

### बीस वार्ड निर्धारित

साढ़े 5 वर्ष पूर्व 29 जुलाई 2020 को अंबाला निगम के लिए जब कुल वार्डों की संख्या 20 निर्धारित की गई थी तब उस नोटिफिकेशन में निगम की कुल जनसंख्या 3 लाख 3 हज़ार 850 दर्शायी थी। अनुसूचित जाति की जनसंख्या 71 हज़ार 940 दर्शायी थी। अब 4 सितंर 2025 को प्रकाशित नोटिफिकेशन में अंबाला निगम की कुल जनसंख्या उससे 33 हजार घटकर 2 लाख 71 हज़ार 68 जबकि अनुसूचित जाति की जनसंख्या गत पांच वर्षों में आधी होकर 36 हजार 210 हो गई । ध्यान देने योग्य यह भी है कि पिछले पांच वर्षों में अंबाला नगर निगम में से किसी भी शहरी क्षेत्र को बाहर नहीं किया है। वर्तमान में शहरी निकाय विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदेश की सभी 87 शहरी निकायों ( निगमों , नपा परिषदों और नपा समितियों) की जनसंख्या जो 23 अक्टूबर 2025 तक अपडेटेड हैं में अंबाला निगम की कुल जनसंख्या 2 लाख 57 हजार 765 दर्शाई जा रही है। हालांकि यहां ध्यान देने योग्य है कि शहरी निकाय विभाग की वेबसाइट पर मौजूदा अपलोड आंकड़े 23 अक्तूबर 2025 तक के हैं जबकि 10 जुलाई 2025 को शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रकाशित एक अधिसूचना मार्फ़त अंबाला, पंचकूला और सोनीपत नगर निगमों के अगले आम चुनाव के लिए ताजा परिसीमन अर्थात वार्डबंदी करने हेतु हरियाणा परिवार पहचान कानून, 2021 के अंतर्गत स्थापित परिवार सूचना डेटा कोष के प्रासंगिक प्रावधानों अनुसार 1 जुलाई 2025 की तारीख निर्धारित की गई थी।

---

## गेहूं खरीद सीजन की तैयारियां, चेयरमैन ने किया निरीक्षण

# मंडी में लिफ्टिंग का समय सुनिश्चित करने के दिए निर्देश, किसानों को न हो कोई दिक्कत

- अफसरों को बेहतर व्यवस्थाएं बनाने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से बातचीत करते चेयरमैन जसविंद्र सिंह।

अंबाला शहर मार्केट कमेटी बोर्ड के चेयरमैन जसविंदर सिंह ने बुधवार को अंबाला शहर अनाज मंडी का दौरा कर आगामी गेहूं खरीद सीजन की तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मंडी परिसर का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य गेहूं सीजन के दौरान किसानों, आढ़तियों, व्यापारियों और कर्मचारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना रहा। अनाज मंडी के दौरे के दौरान चेयरमैन ने मंडी की सफाई व्यवस्था, फड़ (प्लेटफॉर्म) की स्थिति, शौचालयों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, किसान भवन, पार्किंग व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण मिलना चाहिए, इसलिए नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही शौचालयों की मरम्मत और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों व श्रमिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जसविंदर सिंह ने कहा कि गेहूं खरीद सीजन प्रदेश के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, इसलिए मंडी में सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं। उन्होंने फड़ व्यवस्था को व्यवस्थित करने, मंडी में ट्रैफिक और पार्किंग प्रबंधन को बेहतर बनाने तथा किसानों की आवाजाही को सुचारु रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि मंडी में फसल की लिफ्टिंग समय पर सुनिश्चित की जाए। चेयरमैन ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों को सुगम और पारदर्शी खरीद व्यवस्था उपलब्ध करवाना है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### करोड़ों का धान व चावल खुर्द-बुर्द, भौतिक जांच में घोटाला उजागर

**मुलाना।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के धान मिलिंग सत्र 2024-25 में नारायणगढ़ के उपलाना गांव स्थित श्री कृष्णा राइस मिल पर सरकार का 5.48 करोड़ रुपये का धान व चावल खुर्द-बुर्द करने का आरोप है। विभाग के भौतिक निरीक्षण के दौरान पाया गया कि राइस मिलर ने 14 हजार 8 क्विंटल, लगभग 49 गाड़ी चावल सरकारी खजाने में जमा नहीं कराया। मुलाना थाना पुलिस ने खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक महेश कुमार की शिकायत पर रामकरण, जसरत दोनों पार्टनर, गारंटर शिवम ट्रेडिंग कंपनी, जिंमीदारा ट्रेडिंग कंपनी पर केस दर्ज किया है। खाद्य एवं आपूर्ति के तत्कालीन निरीक्षक महेश कुमार ने पुलिस को बताया कि 30 सितंबर 2025 को नारायणगढ़ के एएफएसओ विनय सैनी की अध्यक्षता में विभाग ने एक कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी में निरीक्षक महेश रोहिल्ला व दिनेश तुली बतौर सदस्य शामिल थे। गठित कमेटी को निर्देश थे कि वह राइस मिलों के प्रांगण में भंडारित धान, सीएमआर चावल की भौतिक जांच पड़ताल करना सुनिश्चित करें। गठित कमेटी ने श्री कृष्णा राइस मिल की भौतिक जांच पड़ताल की तो इस घोटाले का खुलासा हुआ। जांच में 20908.92 600 क्विंटल धान (14008.98.042 क्विंटल चावल) कम पाया गया जिसकी रिपोर्ट गठित टीम ने जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक के कार्यालय में दी थी। आदेश के बाद अब आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जल्द ही सभी को गिरफ्तार करने की बात कही है।

---

# छात्रों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी-कल्पना चावला के जीवन पर दी प्रेरणादायक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा


**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजूकेशन अधोया में यूजीसी के निर्देशानुसार "भारती-नारी से नारायणी" विषय पर प्रेरणादायक एवं विचारोत्तेजक शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों द्वारा महान भारतीय महिलाओं की विजुअल बायोग्राफी प्रस्तुत की तथा तत्पश्चात प्रभावशाली पैनल चर्चा आयोजित की। कार्यक्रम के प्रथम चरण में डीएलएड एवं अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रेरणास्त्रोत महिलाओं के जीवन, संघर्ष, उपलब्धियों एवं समाज के प्रति उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। डीएलएड के छात्र मोहम्मद सफीउल्ला अंसारी ने प्रसिद्ध सामाजिक कलाकार रुबल नेगी की विजुअल बायोग्राफी प्रस्तुत करते बताया कि किस प्रकार उन्होंने कला को सामाजिक जागरूकता का माध्यम बनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया। विद्यार्थियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तथा अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित प्रस्तुति दी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अंबाला।** ट्रेन की चपेट में आने से यूपी के मुज्जफरनगर के अखिल की मौत हो गई। हादसा अंबाला-दिल्ली रेल खंड पर मोहड़ी स्टेशन के पास हुआ। सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लिया। मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई है। जांच अधिकारी करण सिंह ने बताया कि दोपहर कैंट स्टेशन मास्टर से जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। मौके पर छानबीन की गई तो मोबाइल फोन से परिजनों से संपर्क किया गया। जीआरपी थाने पहुंचे परिजनों ने बताया कि नौकरी को लेकर अखिल परेशान चल रहा था, हालांकि अभी किसी के खिलाफ परिजनों ने शिकायत नहीं दी है।

# मोतीलाल नेहरू स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन्स में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूते हुए मोतीलाल नेहरू स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र कशिश जैन, पुष्कर सैनी, शिवांश, अंतिमा और मयंक इन मेधावी छात्र व छात्राओं ने मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रेष्ठ परिणाम हासिल किए। विद्यालय की छात्रा कशिश जैन ने 99.5% प्राप्त कर असाधारण उपलब्धि हासिल की। वहीं छात्र पुष्कर सैनी ने 95.5 पर्सेंटाइल और शिवांश ने 92 पर्सेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन सभी विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और परिश्रम निरंतर हो, तो सफलता अवश्य मिलती है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल विद्यार्थियों की नही बल्कि पूरे विद्यालय परिवार की सामूहिक सफलता है। कशिश, पुष्कर और शिवांश ने यह साबित कर दिया है कि अनुशासन, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य ने कहा कि जेईई मेन्स जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना अत्यंत गर्व की बात है।

---

## आरोपी के खिलाफ तीन मामले दर्ज

# धोखाधड़ी का आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

थाना शहजादपुर में दर्ज लाखों रूपये की धोखाधड़ी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी हरबंस सिंह व मुख्तयार सिंह उर्फ मिंटू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने 2 दिन के रिमांड पर लिया है। 17 फरवरी 2026 को पुलिस ने इस मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी मनिक को पंचकुला से गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के तीन मामले दर्ज हैं। आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर ने बताया कि इस मामले परिवादी अशोक कुमार ने 4 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 जून 2025 को आरोपी हरबंस सिंह, मुख्तयार सिंह व अन्य ने फर्जी ब्याना लिखकर वा धोखाधड़ी करके 39 लाख रुपये हड़पने व 1 करोड़ 35 लाख के चेक लेने की धोखाधड़ी करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 3 लाख 80 हजार रुपये बरामद किए हैं।

## अंबली के मुख्य चौक पर शीघ्र बनेगा गोल चक्कर

# 81.90 लाख रुपये के बजट को मंजूरी सीएम के आदेश पर निर्माण कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली ने बताया कि गांव अंबली के मुख्य चौक पर शीघ्र ही गोल चक्कर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा मंजूरी प्रदान कर दी गई है। इस परियोजना पर लगभग 81.90 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि गांव अंबली का यह चौक लंबे समय से व्यस्त यातायात वाला क्षेत्र है। यहां अक्सर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। स्थानीय लोगों की मांग और क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर चौक पर गोल चक्कर निर्माण का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इस कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई। संदीप सैनी ने कहा कि गोल चक्कर बनने से न केवल गांव का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि यातायात व्यवस्था भी सुचारू होगी। सडक़ दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगेगी। यह गोल चक्कर क्षेत्र के लिए एक पहचान चिन्ह के रूप में भी उभरेगा।

### प्रदेश में सम्मान विकास

कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी क्षेत्र को विशेष तवज्जो दे रहे हैं। प्रदेश में समान विकास की नीति के तहत कार्य करवा रहे हैं। उनके नेतृत्व में विधानसभा में 50 से 100 बैड के नागरिक अस्पताल का निर्माण किया है। इसके अलावा बड़ागढ़ में खेल स्टेडियम तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय शहजादपुर जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य भी करवाए हैं जो शिक्षा और खेलों को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होंगे। प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

## 20 हजार रुपये जुर्माना ठोका

# अवैध वसूली को लेकर पार्सल पैकिंग का ठेका रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


रेलवे ने यात्रियों से अधिक वसूली करने के मामले में अंबाला कैंट स्टेशन पर संचालित पार्सल पैकिंग अनुबंध को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह कार्रवाई की गई है। इसमें मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक को यात्रियों से पैकिंग के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत मिली थी। इन शिकायतों के आधार पर ठेकेदार मैसर्स देवी एंटरप्राइजेज-रायबरेली पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया था। लंबे समय तक इस जुर्माने की राशि का भुगतान न करने और नियमों के उल्लंघन को देखते हुए रेलवे ने यह कदम उठाया है। रेलवे ने ई-ऑक्शन के मानक अनुबंध शर्तों की धारा 18.1 का हवाला देते हुए ठेका रद्द किया है। इसके तहत ठेकेदार की सिक्योरिटी राशि को जब्त किया गया है जोकि लगभग 30 हजार रुपये के करीब है। ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्टेशन परिसर से अपना सारा सामान और ढांचा तुरंत हटा ले और काम को तत्काल प्रभाव से बंद कर दे। नियमों के मुताबिक ठेकेदार के पास अभी एक विकल्प शेष है।

---

## दो दिन से चल रहा उमंग उत्सव रंगारंग प्रस्तुतियों के बाद समाप्त

# सांस्कृतिक नृत्य व सोलो डांस में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों के साथ कॉलेज के छात्र। फोटो : हरिभूमि

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राज्य सरकार के सौजन्य से सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में उमंग उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली ने शिरकत की। प्राचार्य एवं सांस्कृतिक समिति की संयोजिका प्रो. पिंकी बाला व समस्त कालेज काउंसिल ने मुख्यतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका स्वागत किया। सर्वप्रथम प्राचार्य एवं मुख्यातिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि संदीप सैनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। युवा केवल सपने देखने वाला नहीं बल्कि उन्हें साकार करने का सामथ्र्य भी रखता है। यदि युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं तो वे समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### विद्यार्थी सर्वांगीण विकास में सहायक

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में दूसरे दिन सांस्कृतिक नृत्य, सोलो डांस, गायन, समूह नृत्य, मिमिक्री आदि भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताएं कराई गई और प्रतियोगिताओं में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने एक से बढक़र एक प्रस्तुतियों को दिखाकर अपनी कला को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते कहा कि विद्यार्थीयों में छिपी हुई प्रतिभा को खोजकर उसे संवारने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम उन्हें एक मंच प्रदान करते हैं। विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाने का हमारा यही उद्देश्य है कि अपनी-अपनी योग्यता के अनुसार विद्यार्थी अपना सर्वांगीण विकास कर पाएं। कार्यक्रम संयोजिका प्रो. पिंकी बाला ने वार्षिक सांस्कृतिक रिपोर्ट पेश की तथा अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सांस्कृतिक समिति के प्रत्येक सदस्य और संगीत विभाग के डॉ देवेंद्र कुमार (तबला प्लेयर)एवं महाविद्यालय के सभी टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने अपना सहयोग दिया।

### फर्जी दस्तावेज पर जमानत देने वाले दो आरोपी पकड़े

**अंबाला।** कोर्ट में फर्जी कागजात देकर जमानत देने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना अंबाला शहर की टीम ने महत्वपूर्ण गिरफ्तारी की है। उप निरीक्षक हाकम सिंह के अनुसार पकड़े गए आरोपी न्यायालय के समक्ष फर्जी जमानती बनकर पेश हुए थे। जाली दस्तावेजों के आधार पर जमानत की प्रक्रिया पूरी की थी। मामला वर्ष 2024 में अंबाला शहर में दर्ज किया गया था। तब से पुलिस आरोपियों की तलाश में विभिन्न ठिकानों पर दबिश दे रही थी। आरोपियों की पहचान और स्थान का पता लगाने के लिए पुलिस निरंतर तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी का सहारा लिया। करीब 31 माह के इंतजार उपरांत पुलिस ने सफलतापूर्वक काबू कर लिया है। आरोपियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है।